**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**5 जून 2025, समय 1810**

**मुख्य समाचार :-**

- **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी सरकार को सहानुभूति से परिपूर्ण और गरीब कल्याण के प्रति समर्पित बताया है।**
- **भारत में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सिद्धांतों से प्रेरित होकर एक दशक में महत्वपूर्ण परिवर्तन किया गया है।**
- **हरियाणा सरकार ने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की विभिन्न सेवाओं को सेवा के लिए समय-सीमा निर्धारित की ।**
- **आज विश्व पर्यावरण दिवस पर श्रीकृष्णा आयुष विश्वविद्यालय सहित विभिन्न स्थानों पर पौधरोपण किया गया**
- **हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग ने संयुक्त योग्यता परीक्षा CET के लिए पंजीकरण के समय अधिकृत पोर्टल का ही उपयोग करने का आहवान किया**

*************************************************************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी सरकार कोसहानुभूति से परिपूर्ण और गरीब कल्याण के प्रति समर्पित बताया है। आज एक सोशल मीडियापोस्ट में श्री मोदी ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार के 11 वर्ष पूरे होनेपर, लोगों को गरीबी से उबारने के लिएकेंद्र सरकार के सशक्तिकरण,मज़बूत बुनियादी ढांचे तथा समावेशन कीदिशा में उठाए गए कदमों का उल्लेख किया। श्रीमोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में, लिखाकि पीएम आवास योजना, पीएम उज्ज्वला योजना, जन धन योजना और आयुष्मान भारत जैसीपहलों ने आवास, खाना पकाने के स्वच्छ ईंधन, बैंकिंग और स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच कोबढ़ाया है। उन्होंने कहा कि प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण, डिजिटल समावेशन और मज़बूत ग्रामीणबुनियादी ढांचे ने पारदर्शिता के साथ-साथ अंतिम छोर तक लाभ पहुंचाया है। श्री मोदीने गरीबी को हराने में 25 करोड़ से अधिक लोगों की मदद करने में इन पहलों की भूमिकापर जोर दिया है । उन्होंने समावेशी और आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए सरकार कीप्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि ऐसे भारत का निर्माण करना है ,जहां हर नागरिक को सम्मान के साथ जीनेका अवसर मिले।

***********************************************************************

भारत में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सिद्धांतों से प्रेरित होकर एक दशक में महत्वपूर्ण परिवर्तन हुआ है। आकाशवाणी समाचार आपके लिए पिछले 11 वर्षों में प्रमुख क्षेत्रों में सरकार के प्रयासों पर विशेष फीचर लेकर आया है। आज, हम शिक्षा और खेल पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं- जो भारत की अमृत पीढी - युवा पीढ़ी को सशक्त बनाने की कुंजी है।

*सरकार शिक्षा और खेल के माध्यम से युवाओं के भविष्य के सपनों की नींव रख रही है। शिक्षा के क्षेत्र में सरकार ने समग्र और समावेशी शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए महत्वाकांक्षी रोड मैप तैयार किया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत सरकार का लक्ष्य है कि 2030 तक देशभर के स्कूलों में प्री स्कूल से माध्यमिक स्तर तक 100 प्रतिशत और वर्ष 2035 तक उच्च शिक्षा में 50 प्रतिशत नामांकन किए जाए। वर्ष 2014 में देश के उच्च शिक्षण संस्थानों की संख्या 51 हजार थी जो अब बढ़कर 70 हजार से अधिक हो गई है इसमें आईआईटी, आईआईएम और एम्स जैसे शिक्षण संस्थान की संख्या अधिक है। पीएम श्री योजना के तहत देशभर में साढे 14 हजार स्कूलों का कार्यकाल किया जा रहा है। शिक्षा के साथ-साथ खेल क्षेत्र भी सरकार की राष्ट्रीय प्राथमिकताओं में है खेलो इंडिया अभियान के तहत देशभर में एक हजार से अधिक प्रशिक्षण केन्द्र खोले गए हैं और 3 हजार युवा खिलाडियों को सालाना 6 लाख रुपए से अधिक की मदद दी जा रही है। टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना के तहत देश के शीर्ष खिलाडियों को विशेष प्रशिक्षण और संसाधन प्रदान किये जा रहे हैं। भारत ने पिछले दो ओलंपिक में 13 पदक जीते हैं और पेरिस पैरालंपिक में रिकॉर्ड तौड 29 पदक अपने नाम किये हैं। भारत अपने युवाओं को पढाई के साथ-साथ उन्हें बड़े सपने देखना, तेज दौड़ना और कभी न रूकना भी सीखा रहा है। रहिसुद्दीन रेहान आकाशवाणी समाचार दिल्ली।*

***********************************************************************

हरियाणा सरकार ने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की विभिन्न सेवाओं को सेवा का अधिकार अधिनियम, के दायरे में लाते हुए इनकी समय-सीमा निर्धारित की है। साथ ही, इन सेवाओं को समय पर देना सुनिश्चित करने के लिए पदनामित अधिकारी, प्रथम शिकायत निवारण प्राधिकारी तथा द्वितीय शिकायत निवारण प्राधिकारी भी अधिसूचित किए हैं। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा जारी की गई संशोधित अधिसूचना के अनुसार अब कब्जा प्रमाण पत्र 3 दिन के अन्दर जारी किया जाएगा। स्थल सीमांकन के लिए 4 दिन और डीपीसी प्रमाणन के लिए 5 दिन की समय-सीमा निर्धारित की गई है। इन सेवाओं के लिए कनिष्ठ अभियंता को पदनामित अधिकारी नामित किया गया है जबकि उप-मंडल अभियंता ,सर्वेक्षण को

प्रथम शिकायत निवारण प्राधिकारी तथा सम्पदा अधिकारी को द्वितीय शिकायत निवारण प्राधिकारी बनाया गया है।इसी तरह जलापूर्ति लाइन की मरम्मत, जलापूर्ति के काम दबाव , सीवर लाइन की खोलने , सीवरेज के मेनहोल की मरम्मत, मेनहोल की मरम्मत तथा बर्म की सफाई के लिए 5 दिन की समय-सीमा निर्धारित की गई है। सड़क के गड्डो की मरम्मत के लिए 10 दिन, स्ट्रीट लाइट की मरम्मत के लिए 3 दिन तथा (बागवानी) और हरित पट्टी तथा सड़क किनारे पौधारोपण के लिए 7 दिन की समय-सीमा तय की गई है। इन सेवाओं के लिए कनिष्ठ अभियंता को पदनामित अधिकारी नामित किया गया है जबकि उप-मंडल अभियंता को प्रथम शिकायत निवारण प्राधिकारी तथा कार्यकारी अभियंता को द्वितीय शिकायत निवारण प्राधिकारी बनाया गया है।

*******************************************************************

कुरुक्षेत्र में श्रीकृष्णा आयुष विश्वविद्यालय की ओर से विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर पौधरोपण और स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. करतार सिंह धीमान की अगुआई में उमरी मार्ग के किनारे छायादार पौधे लगाए गए।
डॉ करतार सिंह धीमान ने बताया -

कुलपति ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस के साथ हरित योग अभियान के तहत भी पौधरोपण को बढ़ावा दिया जा रहा है।प्रो. धीमान ने बताया कि विश्वविद्यालय ने पहले ही प्लास्टिक मुक्त परिसर की मुहिम शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय के छात्रों, कर्मचारियों और शिक्षकों ने मिलकर प्लास्टिक कचरा एकत्र कर उसका निपटान भी किया है। कुलपति ने बताया कि 2 अक्तूबर तक परिसर को पूरी तरह प्लास्टिक मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

******************************************************************

अंबाला में भी आज भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली और राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की और उसके बाद पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधारोपण किया।इस दौरान मीडिया से बात करते हुए मोहनलाल बडोली ने बताया कि यह बैठक केंद्र और राज्य सरकार के 11 सालों में किए काम पर केंद्रित थी।
उन्होंने बताया -

उन्होंने लोगों से ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने की अपील भी की ।

**********************************************************************

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पलवल के आज गांव बहीन में उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ 'एक पेड़ मां के नाम- अभियान द्वितीय का शुभारंभ पलवल के उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ ने पौधारोपण कर किया। इस अवसर पर भारतीय राजस्व सेवा की अधिकारी

पूनम राय,जिला वन अधिकारी नरेश रंगा भी मौजूद रहे ।इस अवसर के दौरान जिला उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'एक पेड़ मां के नाम अभियान' द्वितीय शुरू किया गया है। जिसके के अंतर्गत गांव बहीन में पांच हजार फलदार एवं छायादार पौधे लगाए जा रहे है। पौधों की उपलब्धता वन विभाग के नर्सरियों और विभागीय स्रोत से सुनिश्चित की जाएगी।

**************************************************************************

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने कहा कि आज कैथल जिले के गांव मुंदड़ी में गुरू ब्रहानंद आश्रम में आयोजित एक धार्मिक कार्यक्रम में शिरकत की इस अवसर उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि गुरू ब्रहानंद जी के ने हमेशा सही मार्ग पर चलने पर्यावरण संरक्षण बुराइयों से दूर रहने एवं नारी शक्तिकरण का संदेश दिया उन्होंने कहा कि हमें उनके जीवन से सीखना चाहिए विधान सभा अध्यक्ष ने पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में आश्रम परिसर में पौधा रोपण भी किया और अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने व् उनकी देखभाल करने का सन्देश दिया |

**********************************************************************

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के संज्ञान में आया है कि कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा संयुक्त योग्यता परीक्षा CET 2025 One Time Registration पोर्टल की एक फर्जी वेबसाइट तैयार की गई है। आयोग के सदस्य भूपेंद्र चौहान ने बताया कि आयोग ने इसे अत्यंत गंभीरता से लेते हुए तुरंत एफआईआर दर्ज करवाई है और साइबर अपराध में शामिल दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जा रही है।